<u>प्रादेशिक समाचार</u>

**<u>दिनांक–24.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष बीवीआर सुब्रमण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय बजट वर्ष 2025–26 के लिए बजट–पूर्व परामर्श की शुरूआत इस महीने की 6 तारीख को शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों, किसान संघों, अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ परामर्श किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री आगामी पहली फरवरी को लोकसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश कर सकती हैं।

***************

तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरूगन ने आज पलामू में सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनहित में केन्द्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी दी।

***************

इससे पहले सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पलामू में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिले के उपायुक्त और अन्य अधिकारियों ने उन्हें केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। अपने पलामू दौरे के क्रम में वे आज हरिहरगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और एससी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही यहां हो रही स्ट्रॉबेरी की खेती का भी जायजा लेंगे।

***************

गिरिडीह में बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

***************

राजधानी रांची में आज पंचायती राज विभाग की ओर से राष्ट्रीय पेसा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज समेत कई गणमान्य लोगों ने पेसा अधिनियम की जानकारी को साझा किया। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इसे पूरी तरह से लागू करना हम सब की जिम्मेवारी है।

***************

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सुरेश राही झारखंड दौरे पर हैं। वे आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें प्रयागराज में अगले वर्ष 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने इस राज्य के लोगों

को भी महाकुंभ का हिस्सा बनने का आग्रह किया है। इधर, रेलवे ने महाकुंभ को लेकर रांची–टूंडला– रांची कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रांची से टूंडला के लिए 19 जनवरी को तथा 20 जनवरी को टूंडला से रांची के लिए रवाना होगी।

****************

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज वर्चुअल माध्यम से कई पहलों की शुरुआत की। श्री जोशी ने उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड शुरू किया। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई–कॉमर्स जानकारी प्रदान करेगा और असुरक्षित यूआरएल के बारे में सचेत करेगा।।

*******समाप्त*******